# आकाशवाणी शिमला

**04.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे**

## अग्निहोत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि प्रदेश में इलैक्ट्रिक बसों के लिए चार्जिंग स्टेशनों का सरकार बड़े पैमाने पर विस्तार कर रही है। अग्निहोत्री ने आज शिमला में कहा कि चार्जिंग स्टेशनों के लिए प्रदेश में 46 स्थान चयनित किए गए हैं। इनमें से 34 स्थानों पर प्राथमिकता के आधार पर चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस महत्वकांक्षी योजना के लिए राज्य सरकार ने 20 करोड़ रूपए स्वीकृत किए हैं। इसके अलावा योजना के लिए राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक से लगभग एक सौ 11 करोड़ रूपए की ऋण सहायता भी प्राप्त हुई है। अग्निहोत्री ने कहा कि हिमाचल ई–मोबिलिटी क्षेत्र में देश के अन्य राज्यों का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। इस योजना के माध्यम से प्रदेश सरकार पर्यावरण संरक्षण के साथ–साथ रोजगार और अधोसंरचना विकास के नये द्वार भी खोल रही है।

## मौसम

प्रदेश में मॉनसून की वर्षा का क्रम रूक–रूक कर जारी है जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है और कई स्थानों पर भूस्खलन की घटनाएं सामने आ रही हैं। लगातार वर्षा से प्रदेश में 6 राष्ट्रीय राजमार्ग और एक हजार 2 सौ 86 अन्य सड़के, दो हजार 8 सौ 9 बिजली ट्रांफर्मार और एक हजार 81 पेयजल योजनाएं बंद हैं। दूरदराज के इलाकों में संचार सेवाएं भी बाधित हैं जिन्हें बहाल करने का कार्य जारी है। कुल्लू शहर के इन्नर अखाड़ा बाजार में आज सुबह हुए भूस्खलन के मलबे में दो मकान क्षतिग्रस्त हो गए जिसमें छह लोगों के दबे होने की आशंका है। एनडीआरएफ और पुलिस के बचाव दल ने मौके पर पहुंच कर बचाव अभियान शुरू कर दिया है। इस घटना में एक व्यक्ति की मृत्यु हुई है, जबकि 4 लोग सुरक्षित निकाल लिए गए हैं। चम्बा शहर में मूसलाधार बारिश से कई इलाकों में घरों व दुकानों में मलबा व पानी भर गया है और औद्योगिक क्षेत्र सुल्तानपुर में भूस्खलन के कारण लाखों की संपत्ति को नुकसान पहुंचा है। चंबा शहर के माई का बाग, सुल्तानपुर और बालू मोहल्ला सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। यहां भूस्खलन के चलते 4 से 5 उद्योगिक इकाइयों की इमारतें मलबे में दब गईं हैं। उपायुक्त मुकेश रेपस्वाल ने बताया कि नुकसान का आकलन किया जा रहा है और प्रभावित परिवारों को नियमानुसार मुआवजा दिया जाएगा। इस बीच मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और सिरमौर जिलों में आज गरज के साथ बारिश और आसमानी बिजली गिरने का येलो अलर्ट जारी किया है।

## जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि जीएसटी दरों में की गई कमी से आम जनता को बड़ी राहत मिलेगी। जयराम ठाकुर ने आज शिमला में कहा कि केंद्र सरकार लगातार उपभोक्ताओं को राहत देने की दिशा में कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से न केवल लोगों की जेब पर बोझ कम होगा बल्कि बजार में भी सकारात्मक माहौल बनेगा।

इस बीच जीएसटी में राहत का आम जनता ने भी स्वागत किया है। लोगों का कहना है कि इस फैसले से रोजमर्रा की चीजें सस्ती होंगी जिसका सीधा फायदा मध्यवर्ग के परिवारों को होगा।

## अनुराग ठाकुर

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश सरकार राज्य में आई प्राकृतिक आपदा के समय अपनी जिम्मेदारियों से भाग रही है और झूठ बोल कर जनता को गुमराह कर रही है। अनुराग सिंह ठाकुर ने आज हमीरपुर में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश की प्राकृतिक आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग को गुमराह करने वाला बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व वाली पूर्व यू.पी.ए. सरकार ने वर्ष 2013 में ही प्राकृतिक आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने का प्रावधान समाप्त कर दिया था। अनुराग ठाकुर ने वर्ष 2023 में प्रदेश सरकार द्वारा आपदा पीड़ितों के लिए घोषित चार हजार पांच सौ करोड़ रूपए के पैकेज को झूठ करार दिया और कहा कि वास्तव में सरकार ने अभी तक सिर्फ 2 सौ 56 करोड़ रूपए ही इस पैकेज के नाम पर जारी किए हैं। इस संबंध में सरकार ने स्वयं विधानसभा में लिखित जानकारी दी है।

———————————————————————————————